भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *17
उत्तर देने की तारीख 22.07.2024

राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन

*17. **सुश्री कंगना रनौत :**
डॉ. जयंत कुमार राय :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के मुख्य उद्देश्य और पहल क्या-क्या हैं; और
(ख) इससे भारत की समृद्ध पांडुलिपि विरासत के संरक्षण, प्रलेखन और प्रसार में किस तरह से योगदान मिला है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के संबंध में दिनांक 22 जुलाई, 2024 को सुश्री कंगना रनौत और डॉ. जयंत कुमार राय द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *17 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): इस मिशन के मुख्य उद्देश्य भारत की पांडुलिपि धरोहर का प्रलेखन, संरक्षण, डिजिटलीकरण और ऑनलाइन प्रचार-प्रसार करना है।

(ख): राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (एनएमएम) द्वारा पांडुलिपि संरक्षण केन्द्रों (एमसीसी) और पांडुलिपि संसाधन केन्द्रों (एमआरसी) के माध्यम से पांडुलिपि धरोहर का सर्वेक्षण, प्रलेखन और परिरक्षण किया जाता है। राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (एनएमए) विभिन्न प्रकाशनों, व्याख्यानों और कार्यशालाओं के आयोजन के द्वारा पांडुलिपि ज्ञान का प्रचार-प्रसार करने में योगदान देता है।

****